**Purchase of plane from China by Pakis tan**

148. SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has, been drawn to a news item which appeared in the *Hindustan Times* of the 13th February, 1987 to the effect that Pakistan pro-pose to buy over 350 F-7M planes from China;

(b) whether Government propose to take up the matter with the Chinese authorities at diplomatic level and impress upon them that the deal will create more tension in the sub-continent; and

(c) if so, what are 'he details in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY oF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) Yes, Sir. Government have seen the *Hindustan Times* report of 13th February, 1987.

(b) and (c) The Government of the People's Republic of China is aware of our concern regarding the induction of sophisticated arms into this region.

**सिल्क बोर्ड**

149. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान सिल्क बोर्ड कब **और** कितनी अवधि के लिये गठित किया **गया** है और इस बोर्ड की कालावधि क्या है ;

(ख) क्या बोर्ड का कोई **चेयरमैन** नियुक्त किया गया है और यदि नहीं, **तो** इसके क्या कारण है ;

(ग) इस संबंध में क्या प्रशासनिक **उपाय** किये गये है ; **अ।र**

(घ) बोर्ड की कितनी बैठकें कब-**कब** हुई और उनकी अध्यक्षता किसने की ?

**वस्त्र मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार)** :(क) केन्द्रीय रेशम बोर्ड का पुनर्गठन 9 जुलाई, 1985 को तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया था ।

(ख) और (ग) बोर्ड का अध्यक्ष अभी तक नियुक्त नहीं किया गया है । उप-युक्त व्यक्ति को यथाशीघ्र नियुक्त करने के लिए उपाय किये जा रहे है ।

(घ) बोर्ड की पांच सामान्य बैठकें और स्थायी समिति की पांच बैठकें निम्नलिखित तारीखों को की गई ।

**सामान्य बैठकें** : 12.8.85, 10.9.85, 28.4.86, 14.8.86 तथा 23.12.86

**स्थायी समिति की बैठकें** : 9.9.85, 4.3.86, 28.4.86, 14.8.86 तथा 23.12.86. इन बैठकों की अध्य-क्षता या तो तत्कालीन उपाध्यक्ष द्वारा की गई अथवा उसकी अनुपस्थिति में बोर्ड के उपस्थित सुदस्यों द्वारा अपने में से ही चुने गये सदस्य ने सम्बन्धित बैठकों की अध्यक्षता की ।

**कपड़ा उत्पादन में वृद्धि**

150. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वस्त्र नीति लागू करने के पश्चात् कपड़ा उत्पादन में कितनी वृद्धि हुई और यह वृद्धि किन-किन क्षेत्रों में हुई ;

(ख) क्या वस्त्र नीति के संबंध में पुन: विचार करने की कोई मांग प्रस्तुत की गयी है ;

(ग) क्या निर्धारित लक्ष्यों को देखते हुए वर्तमान प्रगति संतोषजनक है ; और

(घ) एन.टी.सी. समेत निजी क्षेत्र के एककों में उत्पादन बढ़ाने की **क्या** योजनाएं है ?